आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

बाबा बालकनाथ

राज्य सरकार हमीरपुर जिले के दियोटसिद्ध बाबा बालकनाथ मंदिर के बुनियादी ढांचे को स्तरोन्नत करेगी और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर में रोपवे स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में बताया कि इस रोपवे पर लगभग 65 करोड़ रूपए की लागत आएगी और इसके माध्यम से मंदिर को टैक्सी पार्किंग से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोपवे के निर्माण से एक ओर जहां लोगों को आने जाने में सुविधा होगी वहीं भीड़ को भी नियंत्रित किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में टैक्सी पार्किंग से मंदिर तक पहुंचने के लिए सिंगल सड़क है और रोपवे के निर्माण से श्रद्धालुओं को यात्रा का वैकल्पिक मार्ग मिलेगा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की आर्थिकी व पर्यटन को बढ़ावा दे रही है और प्रदेश में हजारों परिवार पर्यटन गतिविधियों से जुड़े हैं।

हिमकेयर

मुख्य संसदीय सचिव स्वास्थ्य संजय अवस्थी ने कहा है कि राज्य सरकार ने हिमकेयर योजना को बंद नहीं किया है और भाजपा इस संबंध में बेबुनियाद आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी लाभार्थियों को हिमकेयर योजना का लाभ देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है और हाल ही में सरकार ने योजना के लाभार्थियों को सौ करोड़ रूपए की राशि जारी की है। संजय अवस्थी ने कहा कि आईजीएमसी शिमला में पैट स्कैन मशीन जल्द स्थापित की जाएगी और भवन निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में डेंगू, मलेरिया व स्कब टायफस जैसी बीमारियों से निपटने के लिए विभाग पूरी तरह तैयार है और इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

कुलदीप सिंह पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने अधिकारियों को मॉनसून सीजन के दौरान संभावित खतरे व आपदाओं से बचाव को लेकर सभी तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं। चंबा में आज अधिकारियों के साथ एक बैठक में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों और अन्य सडकों पर जल निकासी का उचित प्रबंध किया जाए वहीं बरसात के दौरान पनपने वाली बीमारियों की रोकथाम को लेकर भी आवश्यक कदम उठाए जाएं। विधानसभा अध्यक्ष ने लोकनिर्माण, जलशक्ति, खाद्य आपूर्ति और पुलिस सहित अन्य विभागों को आपसी तालमेल से कार्य करने को कहा। कुलदीप सिंह पठानिया ने 26 अगस्त से शुरू होने वाली प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा की तैयारियों को लेकर भी अधिकारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एनटीए–नीट परिणाम

राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी– एन टी ए ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी का केन्द्रवार परिणाम अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। एन टी ए ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद परिणाम वेबसाइट पर डाले हैं। इससे पहले न्यायालय ने एन टी ए को उम्मीदवारों की पहचान की मास्किंग कर आज दोपहर 12 बजे तक वेबसाइट पर शहर–वार और केन्द्र –वार परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया था। परिणाम अब वेबसाइट **neet** डॉट **ntaonline** डॉट इन पर उपलब्ध हैं।

विधायक प्रशिक्षण

प्रदेश की 14वीं विधानसभा में पहली बार निर्वाचित हुए विधायकों को विधानसभा की कार्य प्रणाली व कियाकलापों से अवगत करवाने के लिए 23 जुलाई को प्रदेश विधानसभा में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनमें उपचुनाव में चुन कर आए तीन नव–निर्वाचित विधायक भी शामिल है। प्रशिक्षण की जानकारी देते हुए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि मौजूदा विधानसभा में पहली बार चुनकर आए 26 विधायकों को सदन में उनकी भूमिका व विशेषाधिकार, प्रश्नकाल, सदन में चर्चा, विधायी कार्य और समितियों की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों से अवगत करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश विधानसभा को देश की प्रथम ई–विधान होने का गौरव प्राप्त है और सभी नए सदस्यों को ई–विधान प्रणाली के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इस बीच विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया कल विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाएंगे।

मौसम

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से मॉनसून धीमा पड़ गया है और अभी तक सामान्य से 40 प्रतिशत तक कम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि प्रदेश के चार जिलों शिमला, मंडी, कांगड़ा और बिलासपुर में अभी तक सामान्य के आसपास वर्षा हुई है जबकि बाकी क्षेत्रों में बारिश सामान्य से कम दर्ज की गई है। लाहौल स्पीति , सिरमौर, सोलन और ऊना ज़िले में सबसे कम वर्षा हुई है। सुरेंद्र पॉल ने बताया कि बीते वर्ष की तरह इस वर्ष मानसून के पूरे सीजन के दौरान अत्यधिक वर्षा की संभावना कम है। प्रदेश में जुलाई माह में मानसून सामान्य से कम ही रहेगा जबकि अगस्त माह की शुरुआत में मानसून के रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने अगले तीन–चार दिन प्रदेश में मॉनसून के सकिय रहने की संभावना जताई है, जबकि 22 व 23 जुलाई को अनेक भागों में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।